BIHAR VIKAS MISSION

# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना-800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्या:-0612-2285262

**सं० सं-बि०वि०मि०-स्था०-(Training & Placement Expert)-46/2019...592....पटना, दिनांक..17/3/26**

## -:: आदेश ::-

प्रस्तुत आदेश Shri Pallapu Kameswara Rao तदेन Training & Placement Expert विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन को समर्पित आवेदन के संदर्भ में पारित किया जा रहा है।

02. Shri Rao द्वारा सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन को दिनांक-09.02.2026 को समर्पित आवेदन का मुख्य बिन्दु निम्नवत् है:-

(क) Shri Rao द्वारा अपने आवेदन में उल्लेख किया गया है कि Training & Placement Expert के पद पर विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना दिनांक-02.09.2019 से दिनांक-14.10.2024 तक कार्य किया गया है। इस अवधि में Shri Rao द्वारा किये गये कार्य से संबंधित विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है।

(ख) Shri Rao द्वारा अपने आवेदन में इस आशय का उल्लेख किया गया है कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से दिनांक-14.10.2024 को बिहार विकास मिशन को इनकी सेवा Handover की गयी है। उक्त तिथि से बिहार विकास मिशन के साथ बिना किसी विभाग के Allocation के हैं। उनके द्वारा "Department of Youth, Employment and Skill Development or Labour Resource Department, Govt. of Bihar, Patna" में Depute करने का अनुरोध किया गया है।

03. Shri Rao के आवेदन में अंकित बिन्दुओं के संबंध में उपलब्ध अभिलेख आदि के आधार पर प्रमुख तथ्य निम्नवत् है:-

**(i)** बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या-1509, दिनांक-06.09.2019 द्वारा Shri Pallapu Kameswara Rao को दिनांक-02.09.2019 के प्रभाव से संविदा के आधार पर औपबंधिक रूप से Training & Placement Expert, के पद पर योगदान स्वीकृत करते हुए विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के लिए स्वीकृत इस पद पर प्रतिनियुक्त किया गया।

**(ii)** Shri Rao का अंतिम एकरारनामा विस्तार बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या-2084, दिनांक-10.11.2023 द्वारा दिनांक-02.05.2023 से दिनांक-01.04.2024 तक किया गया।

**(iii)** बिहार विकास मिशन के पत्रांक-451, दिनांक-15.03.2024 द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से Shri Rao का वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन एवं Job Description में वर्णित Key-Accountabilities के अनुरूप कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन और कर्मी के आवश्यकता के संबंध में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही इस संबंध में स्मार-पत्र भी प्रेषित किया गया परन्तु विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से Shri Rao का कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण इनका आगे का संविदा विस्तार नहीं किया गया।

**(iv).** उक्त क्रम में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–4530, दिनांक–14.10.2024 द्वारा सूचित किया गया कि Shri Pallapu Kameswara Rao, Training & Placement Expert, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की भविष्य में सेवा की आवश्यकता विभाग में नहीं होने के कारण Shri Rao की सेवा समाप्त की जाती है।

**(v).** उक्त क्रम में Shri Rao द्वारा सदस्य सचिव को संबोधित एक आवेदन समर्पित किया गया जिसके द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना द्वारा इनकी सेवा बिहार विकास मिशन को Surrendered करने का उल्लेख करते हुए Department of Education, Bihar एवं Labour Resource Department, Bihar में से किसी विभाग को Allocation हेतु अनुरोध किया गया।

**(vi).** Shri Rao का विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना सेवा समाप्ति के बाद भी उक्त विभाग के पत्रांक–4556, दिनांक–30.10.2024, पत्रांक–4739, दिनांक–03.12.2024 एवं पत्रांक–028, दिनांक–02.01.2025 द्वारा क्रमशः माह–अक्टूबर, 2024, नवम्बर–2024 एवं दिसम्बर–2024 का पूर्ण माह उपस्थिति अंकित करते हुए उनकी अनुपस्थिति विवरणी अपर सचिव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पदनाम एवं हस्ताक्षर से ई–मेल–dst.tnp.cell@gmail.com के माध्यम से बिहार विकास मिशन, पटना को प्राप्त हुआ।

**(vii).** उक्त विरोधाभाष की स्थिति में बिहार विकास मिशन के पत्रांक–73, दिनांक–13.01.2025 द्वारा विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग से Shri Rao की सेवा जारी रखने अथवा समाप्त करने के बिन्दु पर स्पष्ट मंतव्य की माँग की गयी।

**(viii).** उक्त प्रसंग में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1053, दिनांक–05.03.2025 द्वारा सूचित किया गया कि Shri Pallapu Kameswara Rao, Training & Placement Expert विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की सेवा विभागीय पत्रांक–4530, दिनांक–14.10.2024 के प्रभाव से समाप्त कर दी गयी है। यह भी सूचित किया गया कि मिशन के पत्र में वर्णित पत्रांकों द्वारा कोई भी अनुपस्थिति विवरणी विभाग द्वारा बिहार विकास मिशन को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

**(ix).** उक्त क्रम में बिहार विकास मिशन के पत्रांक–388, दिनांक–07.03.2025 द्वारा माह अक्टूबर–2024 से फरवरी–2025 तक प्राप्त अनुपस्थिति विवरणी का सत्यापन करने हेतु अपर सचिव–सह–निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को पत्र प्रेषित किया गया।

**(x).** उक्त के प्रतिउत्तर में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1775, दिनांक–11.04.2025 में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि संलग्न अनुपस्थिति विवरणी फर्जी है। उक्त अनुपस्थिति विवरणी में हस्ताक्षर तत्कालीन अपर सचिव के नकल जैसा प्रतीत हो रहा है, जिनका स्थानान्तरण माह–अक्टूबर–2024 में हीं हो गया है।

**(xi).** उपर्युक्त आलोक में बिहार विकास मिशन के पत्रांक–1008, दिनांक–27.06.2025 द्वारा Shri Rao से स्पष्टीकरण मांग की गयी। श्री राव से स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर इस कार्यालय के पत्रांक–1187अनु0, दिनांक–07.08.2025 एवं पत्रांक–1207, दिनांक–14.08.2025 द्वारा स्मारित किया गया।

**(xii).** Shri Rao से स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके द्वारा फर्जी अनुपस्थिति विवरणी एवं विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव–सह–निदेशक प्रशासन के फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर दिनांक–15.10.2024 से आगे का मानदेय प्राप्त करने के लिए Shri Rao को नोटिस निर्गत करने, राशि की वसूली हेतु Certificate Case दायर करने तथा फर्जीवाड़ा

हेतु प्राथमिकी दर्ज करने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय के उपरान्त Shri Rao द्वारा अतिविलम्ब से दिनांक-27.08.2025 को अपना स्पष्टीकरण आवेदन के माध्यम से समर्पित किया गया, जो तथ्यपरक नहीं होने के कारण विचारणीय नहीं पाया गया।

**(xiii).** महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के पत्रांक-1508, दिनांक-24.10.2025 द्वारा दिनांक-15.10.2024 से जनवरी-2025 तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति विवरणी प्रेषित कर मानदेय मद में रू0 5,90,629/- (पाँच लाख नब्बे हजार छह सौ उन्तीस रूपये) का भुगतान अवैध रूप से प्राप्त करने के संबंध में Shri Rao से स्पष्टीकरण/ नोटिस निर्गत किया गया।

यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त पत्र Shri Rao के गृह पते पर तथा ई-मेल आई0डी0 पर प्रेषित कर स्पष्टीकरण निर्गत की तिथि से एक पक्ष अर्थात् 15 (पन्द्रह) दिनों तक बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। गृह पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे गये पत्र को Shri Rao द्वारा लेने से इन्कार किया गया।

**(xiv).** उक्त के संबंध में महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) के पत्रांक-1605, दिनांक-28.11.2025 द्वारा पुनः 07 (सात) दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण/ नोटिस का जवाब मांगा गया। बिहार विकास मिशन द्वारा पर्याप्त समय दिये जाने के बावजूद Shri Rao द्वारा ससमय जवाब नहीं देकर अति विलम्ब से उक्त पत्रों जवाब दिया गया, जिसे विचारणीय नहीं पाया गया।

**(xv).** दिनांक-09.02.2026 को Shri Rao द्वारा समर्पित आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उनकी सेवा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा बिहार विकास मिशन को Handover किया गया है, जबकि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक-4530, दिनांक-14.10.2024 द्वारा Shri Rao की भविष्य में सेवा की आवश्यकता विभाग में नहीं होने के कारण समाप्त की गयी है।

**(xvi).** Shri Rao के विरूद्ध फर्जीवाड़ा के लिए शास्त्री नगर, पटना थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है, जिसका FIR संख्या-5117081250986 है तथा वरीय उप समाहर्त्ता-सह-नीलाम पत्र पदाधिकारी, पटना के समक्ष अवैध रूप से प्राप्त की गयी राशि की वसूली हेतु Certificate Case दायर करने की कार्रवाई की गयी है।

**(xvii).** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के पत्रांक-4530, दिनांक-14.10.2024 द्वारा Shri Pallapu Kameswara Rao तदेन Training & Placement Expert की सेवा समाप्ति के उपरान्त उनके द्वारा बिहार विकास मिशन में योगदान समर्पित नहीं किया गया और न ही बिहार विकास मिशन में उनके द्वारा कोई उपस्थिति दर्ज की गयी।

**(xviii).** बिहार विकास मिशन के HR Manual के Policy No-10 के कंडिका-3.4 के उप कंडिका-5 में निम्न प्रावधान अंकित हैः-

If employee is absent without any electronic/ written/ verbal notification (Phone call/ SMS/ WhatsApp through a registered mobile number or e-mail id) notification or information for 5 (Five) continous working days, it will be deemed that employee has abandoned voluntarily and terminated the contract with BVM.

**(xix).** उल्लेखनीय है कि Training & Placement Expert का पद एकल पद है तथा Job Description के अनुसार यह पद विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग को कर्णांकित है।

मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक-20.10.2016 को सम्पन्न कार्यकारी समिति की चतुर्थ बैठक में विभिन्न पदों से संबंधित विभागवार पदों को आवंटित किया गया है, जिसमें Training & Placement Expert को विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के लिए कर्णांकित किया गया है।

(xx). Shri Rao का अंतिम एकरारनामा विस्तार बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या-2084, दिनांक-10.11.2023 द्वारा दिनांक-02.05.2023 से दिनांक-01.04.2024 तक करने के उपरान्त विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से इनका कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण इनका दिनांक-01.04.2024 के उपरान्त संविदा विस्तार नहीं किया गया। बिहार विकास मिशन द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से प्राप्त अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर दिनांक-14.10.2024 तक श्री राव को मानदेय भुगतान किया गया, जबकि श्री राव द्वारा दिनांक-15.10.2024 से फरवरी, 2025 तक फर्जी अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर अवैध रूप से मानदेय प्राप्त किया गया।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में श्री राव का विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक-14.10.2024 के प्रभाव से सेवा समाप्ति के उपरान्त उनके द्वारा बिहार विकास मिशन में योगदान नहीं देने तथा उनका संविदा विस्तार नहीं होने के कारण एवं HR Manual में अंकित प्रावधान के आधार पर तकनीकी रूप से दिनांक-14.10.2024 के प्रभाव से सेवा समाप्त हो गयी है। Training & Placement Expert का पद एकल रूप से विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए कर्णांकित होने तथा Shri Rao का कार्य एवं आचरण बिहार विकास मिशन के HR Manual के Code of Conduct के प्रतिकूल होने के कारण उनका सेवा समाप्ति के उपरान्त उनके द्वारा अन्य विभाग में पदस्थापन का अनुरोध पूर्णतः अमान्य एवं भ्रमित करने का प्रयास है।

Shri Rao द्वारा फर्जी अनुपस्थिति विवरणी एवं विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव-सह-निदेशक प्रशासन के फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर दिनांक-15.10.2024 से आगे का मानदेय प्राप्त किया जाना उनके भ्रष्ट आचरण, जालसाजी एवं आर्थिक गबन की प्रवृति को दर्शाता है, जो HR Manual में अंकित Code of Conduct का स्पष्टतः उल्लंघन है।

एतद् माध्यम से Shri Pallapu Kameswara Rao का विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक-14.10.2024 के प्रभाव से की गयी सेवा समाप्ति को संपुष्ट करते हुए उनके आवेदन को निरस्त किया जाता है।

04. प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

16/03/26

(अश्वनी कुमार)

**महाप्रबंधक-HR (Management) & IT**

**ज्ञापांकः-** बि०वि०मि०-स्था०-(Training & Placement Expert)-46/2019...592...पटना, **दिनांक** 17/3/26

**प्रतिलिपि :-** सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन, पटना को सादर सूचनार्थ।

16/03/26

**महाप्रबंधक-HR (Management) & IT**

**ज्ञापांकः-** बि०वि०मि०-स्था०-(Training & Placement Expert)-46/2019...592...पटना, **दिनांक** 17/3/26

**प्रतिलिपिः-** सभी महाप्रबंधक/ अवर सचिव (वित्त एवं लेखा), बिहार विकास मिशन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/03/26

**महाप्रबंधक-HR (Management) & IT**

**ज्ञापांकः-** बि०वि०मि०-स्था०-(Training & Placement Expert)-46/2019...592...पटना, **दिनांक** 17/3/26

**प्रतिलिपिः-** HR Manager, बिहार विकास मिशन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/03/26

**महाप्रबंधक-HR (Management) & IT**

**ज्ञापांकः- बि०वि०मि०-स्था०-(Training & Placement Expert)-46/2019**......592......**पटना, दिनांक**...17/3/26

**प्रतिलिपिः-** Shri Pallapu Kameswara Rao, तदेन Training & Placement Expert, S/o Pallapu. Subba Rao, D.No : 7-52, Dr. B.R Ambedkar Nagar, Post-Mallam, Mandal-Pithapuram, District- East Godavari, State- Andhra Pradesh, Pin code- 533433. Email ID- kameshpallapu@ gmail.com, Mob. No. 8109505085/9441326660/ वर्तमान पता-Flat No.:-603, Block-D, Surya Digha Compound, Digha-Asiana Road, Digha, Patna-800011 को सूचनार्थ प्रेषित।

16/03/26

**महाप्रबंधक-HR (Management) & IT**

12.29 P.M
17/3/26